*Reg. No. 40/LC Dated 18-06-1987* *RUCBF*

**THE RAJASTHAN URBAN COOPERATIVE BANKS' FEDERATION LIMITED**

**32/131, Swaran Path, Shipra Path, Man Sarovar, Jaipur-302020**

Tele. 0141-2394726, Email: rafcubf@gmail.com, Website: www.rajucbfed.org.in

**Mohan Parashar** — **Chairman** — **+91-9828523296**

**M.L.Sharma** — **Chief Executive Officer** — **+91- 9610780521**

# राजस्थान राज्य में अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों की स्थिति

## फैडरेशन एक दृष्टि में

### पृष्ठभूमि

राजस्थान राज्य में अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों का प्रादुर्भाव स्वतंत्रता प्राप्ति से पूर्व ही हो गया था। 1925 में रेल्वे श्रमिक सहकारी बैंक, बीकानेर का रजिस्ट्रेशन 1 जुलाई, 1925 को हुआ। इसके बाद वर्ष 1945 में जयपुर स्थित रेल्वे एम्पलाईज को–ऑपरेटिव बैंक लि. द्वारा कार्य प्रारम्भ किया गया। तत्पश्चात् जयपुर में ही गोलछा परिवार द्वारा अरबन को–ऑपरेटिव बैंक की स्थापना की गई जो अप्रेल, 1959 से कार्यरत है। 1990 से 2000 तक का काल राज्य के अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के इतिहास का उत्कर्ष काल था जिसमें 10 नये बैंक स्थापित हुए एवं बैंकों की संख्या बढ़ कर 41 हो गई। चित्तौड़गढ़ अरबन को–ऑपरेटिव बैंक अंतिम रजिस्टर्ड बैंक है जो 11 नवंबर, 1999 को रजिस्टर्ड हुआ, जिसे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 09.10.2000 को लाईसेंस जारी किया गया एवं इस बैंक ने 15 मई, 2001 से कार्य प्रारम्भ किया। आज की स्थिति में 7 बैंक क्रमशः अजमेर, अलवर, भीलवाड़ा महिला, श्रीगंगानगर, लोक विकास जयपुर, वैशाली अरबन बैंक जयपुर एवं सुमेरपुर मर्केंटाईल अरबन को–ऑपरेटिव बैंक, पाली के अवसायन में होने के कारण 34 अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स कार्यरत हैं।

### पंजीयन

तत्समय बैंकों के एक संघ की आवश्यकता के मध्येनजर तत्कालीन राजस्थान सहकारी समितियां अधिनियम, 1965 की धारा 8 के अंतर्गत दी राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लिमिटेड, जयपुर का पंजीयन 18 जून, 1987 को हुआ था (पंजीयन संख्या 40LC) जिसके लिये प्रार्थना–पत्र प्रारम्भ में जयपुर, अजमेर, कोटा, जोधपुर, बीकानेर, भीलवाड़ा, पाली व नागौर अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों ने दिया था। रजिस्ट्रार के आदेश दिनांक 24.07.1995 से फैडरेशन अवसायन में चला गया जो उन्हीं के आदेश दिनांक 27.3.1998 से पुनर्जीवित हुआ। तब से फैडरेशन निरंतर क्रियाशील है।

### उप–नियम

राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 के दिनांक 14 नवम्बर, 2002 व राजस्थान सहकारी सोसायटी नियम, 2003 के 30 अक्टूबर, 2004 से प्रभावी होने के पश्चात् रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, राजस्थान द्वारा फैडरेशन के नवीन उप–नियम दिनांक 5 मार्च, 2007 को पंजीकृत किये गये एवं दिनांक 27 अगस्त, 2010 व दिनांक 4 अक्टूबर, 2010 को इन्हें संशोधित किया गया। भारतीय संविधान के 97वें संशोधन के क्रम में उप–नियमों में नवीनतम संशोधन रजिस्ट्रार महोदय के आदेश दिनांक 04–07–2014 द्वारा रजिस्टर्ड किये गये हैं। अंतिम संशोधन रजिस्ट्रार महोदय द्वारा दिनांक 08.09.2020 को किया गया। फैडरेशन के नवीनतम उप–नियमों की प्रति फैडरेशन की वेबसाईट www.rajucbfed.org.in पर प्रदर्शित है।

### सदस्यता

राज्य की 41 अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन की सदस्य थीं। वैशाली अरबन को–ऑपरेटिव बैंक का बैंकिंग लाईसेंस भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दिनांक 12 जून, 2013 से निरस्त किये जाने एवं बैंक

द्वारा फैडरेशन की सदस्यता दिनांक 13.10.2020 को वापिस लिये जाने के परिणामस्वरूप अब फैडरेशन की सदस्य संख्या 40 है। 40 सदस्य बैंकों में से दो बैंकें यथा अजमेर एवं गंगानगर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड 8 सितम्बर, 2004 से, लोक विकास अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड 11 अक्टूबर, 2004 से अवसायन में हैं। अलवर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक का लाईसेंस दिनांक 03.07. 2018 से, भीलवाड़ा महिला अरबन को–ऑपरेटिव बैंक का लाईसेंस दिनांक 31.08.2018 से तथा सुमेरपुर मर्केटाईल अरबन को–ऑप. बैंक, पाली का वर्ष 2023–24 में निरस्त कर दिया गया है एवं इस प्रकार राज्य में अब 34 अरबन को–ऑपरेटिव बैंकें कार्यरत हैं जो सभी फैडरेशन से निरंतर जुड़े हुए हैं।

<u>**संचालक मण्डल**</u> :– दिनांक 1 व 2 सितंबर, 2023 को सम्पन्न हुए चुनावों के परिणामस्वरूप निर्वाचित संचालक मंडल अग्रानुसार गठित हुआ :–

| क्र.सं. | नाम | कार्यालय का पता | फैडरेशन में पद |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री मोहन पाराशर | अध्यक्ष, जालौर नागरिक सहकारी बैंक लि., जालौर | अध्यक्ष |
| 2 | श्री सतीश सरीन | अध्यक्ष, इंटीग्रल अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लि., जयपुर | उपाध्यक्ष |
| 3 | श्री अशोक कुमार सिंघवी | अध्यक्ष, बालोतरा अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लि., बालोतरा | संचालक |
| 4 | श्री तौसीफ हुसैन | अध्यक्ष, उदयपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लि., उदयपुर | संचालक |
| 5 | श्रीमती नंदिता राज | अध्यक्ष, राजलक्ष्मी महिला अरबन को–ऑपर. बैंक लि., जयपुर | संचालक |
| 6 | श्री राजेश कृष्ण बिरला | अध्यक्ष, कोटा नागरिक सहकारी बैंक लि., कोटा | संचालक |
| 7 | 'श्री विजय कुमार त्रिवेदी | अध्यक्ष, आदर्श को–ऑपरेटिव बैंक लि0, सिरोही | संचालक |
| 8 | श्री विवेकानंद पाण्डे | अध्यक्ष, भीलवाड़ा अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लि., भीलवाड़ा | संचालक |
| 9 | श्री वीर दिग्वेन्द्र राणा | अध्यक्ष, धौलपुर अरबन को–ऑप. बैंक लि., धौलपुर | संचालक |
| 10 | श्री शेखर कुमार | अध्यक्ष, राजसमंद अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लि., राजसमंद | संचालक |
| 11 | श्री सत्येश शर्मा | अध्यक्ष, बूंदी अरबन को–ऑप. बैंक लि., बूंदी | संचालक |
| 12 | श्री हरगोविन्द जैन | अध्यक्ष, बारां नागरिक सहकारी बैंक लि., बारां | संचालक |
| 13 | श्री राहुल पारीक | अध्यक्ष, चूरू जिला अरबन को–ऑप. बैंक लि., चूरू | सहवृत संचालक |
| 14 | श्री कृष्णावतार शर्मा | अध्यक्ष, दौसा अरबन को–ऑप. बैंक लि., दौसा | सहवृत संचालक |
| 15 | प्रबंध निदेशक, | दि राजस्थान स्टेट को–ऑपरेटिव बैंक लि0,जयपुर | पदेन संचालक |
| 16 | श्री एम. एल. शर्मा | मुख्य कार्यकारी अधिकारी, दि राज. अरबन को–ऑप. बैंक्स फैडरेशन लि. | सदस्य सचिव |

**बाद में माउंट नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष श्री विजय कुमार त्रिवेदी के स्थान पर श्री शिवलाल नागर के अध्यक्ष पद संभालने से श्री त्रिवेदी फैडरेशन के संचालक नहीं रहे जिसके कारण फैडरेशन में निर्वाचित संचालक का एक पद रिक्त हो गया। इसी प्रकार इण्टीग्रल अरबन बैंक के अध्यक्ष श्री सतीश सरीन जो फैडरेशन के संचालक के साथ–साथ उपाध्यक्ष भी थे, के स्थान पर श्री रमेशचंद दुसाद के अध्यक्ष पद संभालने के बाद श्री सरीन फैडरेशन के संचालक नहीं रहे जिसके कारण फैडरेशन के उपाध्यक्ष का पद भी रिक्त हो गया है। दिनांक 23.03.2026 को सम्पन्न संचालक मंडल की बैठक में दोनों संचालकों के पद सहवृत द्वारा भरे गये।**

राज्य के सभी कार्यरत 34 अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों का राज्य स्तरीय फैडरेशन एक शीर्ष संस्था के रूप में कार्यरत है तथा सभी बैंकें इसके सदस्य हैं। इसका प्रबन्धन निर्वाचित संचालक मण्डल के हाथों में है। फैडरेशन का मुख्य कार्य इन सभी बैंकों को साथ लेकर चलना एवं भारतीय रिजर्व बैंक तथा सहकारी विभाग से लगातार सम्पर्क बनाये रख कर समस्याओं का निराकरण करना है।

फैडरेशन का मासिक समाचार–पत्र ''सृजन'' भी प्रकाशित/वितरित किया जाता है जिसमें फैडरेशन एवं राज्य के अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों से संबंधित माह की गतिविधियों के समाचार प्रकाशित किये जाते हैं।

फैडरेशन की अपनी वेबसाईट www.rajucbfed.org.in है जिसे सदैव अपडेट रखा जाता है। इस वेबसाईट के माध्यम से वेबलिंक की सुविधा भी उपलब्ध कराई हुई है। इसके साथ ही फैडरेशन का फेसबुक पेज rajucbfed jaipur है जिसमें फैडरेशन से संबंधित जानकारी निरंतर उपलब्ध कराई जाती है।

## राज्य के अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों की समेकित स्थिति

1. 31.03.2026 की स्थिति के अनुसार राज्य में 34 अरबन को–ऑपरेटिव बैंक कार्यरत हैं जिनकी 253 शाखाएं हैं।
2. माउंट नागरिक सहकारी बैंक एवं फिनग्रोथ को–ऑप. बैंक 2 ऐसे बैंक हैं जो मल्टीस्टेट को–ऑपरेटिव बैंक के रूप में कार्य कर रहे हैं एवं राज्य व केन्द्रीय रजिस्ट्रार के यहां रजिस्टर्ड हैं। इसके अतिरिक्त 2 रेल्वे एम्पलाईज बैंकों यथा रेल्वे श्रमिक सहकारी बैंक बीकानेर एवं रेल्वे एम्पलाईज को–ऑपरेटिव बैंक, जयपुर का कार्यक्षेत्र भी राजस्थान से बाहर भी है अतएव ये दोनों सैलेरी अर्नर बैंक भी मल्टीस्टेट को–ऑपरेटिव बैंक्स हैं।
3. कुल कार्यरत बैकों में से 5 बैंक यथा कोटा महिला अरबन बैंक, राजपूताना महिला अरबन बैंक, जयपुर, राजलक्ष्मी महिला अरबन बैंक, जयपुर, उदयपुर महिला समृद्धि अरबन बैंक, उदयपुर महिला अरबन बैंक, महिला अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों की श्रेणी में हैं।
4. कुल कार्यरत 34 बैंकों में से 4 बैंक यूनिट बैंक हैं, दूसरे शब्दों में इनकी एक ही शाखा है।
5. समग्र रूप से 31 मार्च, 2026 को राज्य के अरबन बैंकों की स्थिति अग्रानुसार हैः–

| | |
|---|---|
| कुल बैंकों की संख्या | 34 |
| कुल शाखाओं की संख्या | 253 |
| कुल सदस्यों की संख्या | 4.29 लाख |
| हिस्सा पूंजी | 314.00 करोड़ |
| अमानतें | 9620.00 करोड़ |
| ऋण बकाया | 5579.00 करोड़ |
| कुल व्यवसाय | 15199..00 करोड़ |
| कार्यशील पूंजी | 12150.00 करोड़ |
| शुद्ध लाभ | 88.04 करोड़ |

6. इन 34 बैंकों में शाखाओं की दृष्टि से 49 शाखाओं के साथ आदर्श को–ऑपरेटिव बैंक सबसे बड़ा बैंक है।
7. व्यवसाय की दृष्टि से रू. 2086.96 करोड़ के व्यवसाय के साथ रेल्वे एम्पलाईज बैंक, जयपुर सबसे बड़ा बैंक है। इसके साथ ही माउंट नागरिक सहकारी बैंक सिरोही, कोटा नागरिक बैंक एवं उदयपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक भी बड़े बैंकों में हैं जिनका व्यवसाय रू. 1000 करोड़ से अधिक है।
8. व्यवसाय की दृष्टि से सीकर बैंक इकलौता छोटे बैंकों की श्रेणी में हैं जिसका व्यवसाय रू. 50 करोड़ से कम है।
9. राज्य के अरबन बैंक निरंतर गतिमान हैं तथा अल्प वेतनभोगी एवं सेवानिवृत लोगों एवं स्थानीय निवासियों को व्यक्तिगत एवं त्वरित बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे हैं।
10. राज्य की सभी अरबन बैंकें कम्प्यूटराईज्ड एवं सीबीएस इनेबल्ड हैं। अधिकांश बैंकों द्वारा एटीएम सुविधा प्रदान की जा रही है।
11. स्टर्लिंग अरबन को–ऑपरेटिव बैंक के अलावा सभी बैंकों में निर्वाचित संचालक मण्डल कार्यरत है।
12. भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार 100 करोड़ रूपये से अधिक अमानतों वाले बैंकों में बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट भी कार्यरत है जो उच्च प्रबंधन को उनकी राय से अवगत कराते हैं। 14 बैंक रू. 100 करोड़ से कम अमानतों वाले बैंक है।
13. इन बैंकों के सामने सबसे बड़ी चुनौती प्रतिस्पर्द्धा के इस युग में नवीनतम सूचना तकनीकी को अपनाते हुए ग्राहकों तक बैंकिंग सुविधाएं प्रदान करना है।

14. ये सभी बैंकें भारतीय रिजर्व बैंक एवं सहकारी विभाग के अधीनस्थ हैं एवं उनके निर्देशानुसार कार्य करते हैं। जोधपुर नागरिक सहकारी बैंक, कोटा नागरिक सहकारी बैंक, पाली अरबन को–ऑपरेटिव बैंक, सवाईमाधोपुर एवं सीकर बैंक में सहकारी विभाग के अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर प्रबंध निदेशक के पद पर कार्य कर रहे हैं।

15. क्षेत्रीय कार्यालय भारतीय रिजर्व बैंक जयपुर के स्तर पर स्थानीय टेफकब समिति भी भारतीय रिजर्व बैंक एवं राज्य सरकार के मध्य 6 सितम्बर, 2006 को हुए एम.ओ.यू. अंतर्गत गठित है जिसकी नियमित बैठकें हो रही है तथा इनमें D व E में वर्गीकृत बैंकों व सुपरवाईजरी एक्शन फ्रेम के बैंकों का रिव्यू होता है। अप्रेल, 2025 से त्वरित सुधारात्मक कार्यवाही – पीसीए फ्रेमवर्क लागू हो गया है।

16. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा शाखा खोले जाने की अनुमति पश्चात् 12 बैंकों द्वारा 26 नई शाखाएं खोली गई हैं।

17. वर्ष 2024–25 के प्रारंभ में 12 बैंकें पर्यवेक्षी कार्ययोजना में थे। अब सभी बैंकें पर्यवेक्षी कार्य योजना से बाहर आ गये हैं। केवल सीकर एवं स्टर्लिंग दो बैंकों पर चर्चा होती है।

18. अधिकांश बैंकों में मुख्य कार्यकारी अधिकारी की नियुक्ति भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमोदन पश्चात् की जाती है।

**विशेषताएं:**

- राज्य के अरबन को–ऑप. बैंक सहकारी अधिनियम अंतर्गत रजिस्टर्ड सहकारी संस्थाएं हैं। ये सभी बैंक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा लाइसेंस प्रदत्त हैं।
- कोटा नागरिक सहकारी बैंक के अतिरिक्त किसी भी अरबन को–ऑप. बैंक में राजकीय हिस्सेदारी विनियोजित नहीं है।
- इन सभी बैंकों का कार्यक्षेत्र सीमित है जो शहरों /कस्बों तक सिमटा हुआ है तथा कार्यक्षेत्र के स्थानीय लोग ही इनके सदस्य हैं।
- इन बैंकों का प्रबन्धन पूर्णतः सदस्यों में से चुने हुए प्रबन्धकारिणी के सदस्यों में निहित है।
- स्थानीय बैंक होने के कारण कार्यक्षेत्र के निवासियों के मध्य इन बैंकों की अच्छी पैठ है।
- लघु उद्यमियों एवं स्थानीय निवासियों को उनकी आवश्यकतानुसार छोटी–छोटी राशियों में ऋण वितरण कराना इनकी प्राथमिकता है।
- राष्ट्रीयकृत सरकारी बैंकों की तुलना में इन बैंकों का एनपीए कम है। 24 बैंकों का नैट एनपीए शून्य है।

**राज्य के अरबन/नागरिक सहकारी बैंकों द्वारा गत पांच वर्षों में जो प्रगति दर्शाई गई है, उसका संक्षिप्त विवरण अग्रानुसार है–** ***(राशि लाखों में)***

| क.सं. | मद | 31.03.2022 | 31.03.2023 | 31.03.2024 | 31.03.2025 | 31.03.2026 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सदस्यता(संख्या में) | 446059 | 457433 | 454970 | 462892 | 428853 |
| 2 | हिस्सा राशि | 26262.54 | 27425.40 | 28248.63 | 30019.81 | 31423.17 |
| 3 | अमानतें | 778696.32 | 826813.91 | 848763.95 | 892598.88 | 962024.05 |
| 4 | ऋण बकाया | 414926.57 | 453411.67 | 478350.59 | 520369.57 | 557871.42 |
| 5 | कुल व्यवसाय | 1193622.89 | 1280225.58 | 1327114.54 | 1412968.45 | 1519895.47 |
| 6 | कार्यशील पूंजी | 932027.26 | 992767.50 | 1023490.52 | 1080645.11 | 1215043.78 |
| 7 | शुद्ध लाभ | 7379.60 | 7464.27 | 7829.97 | 8853.50 | 8804.33 |

## अमानतें:

**31–03–2026 को बैंकों की अमानतों के आधार पर बैंकों का वर्गीकरण अग्रानुसार है:–**

| | | |
|---|---|---|
| 1000 करोड़ से अधिक | 2 | रेल्वे एम्पलाइज जयपुर, माउण्ट ना.स.बैंक सिरोही, |
| 500 करोड़ से 1000 करोड़ तक | 5 | उदयपुर अरबन, कोटा नागरिक, बारां, फिनग्रोथ बैंक, जालौर, |
| 250 करोड़ से 500 करोड़ तक | 5 | जोधपुर नागरिक, पाली, रेल्वे जोधपुर, मालवीय जयपुर, उदयपुर महिला अरबन, |
| 100 करोड़ से 250 करोड़ तक | 8 | बालोतरा, राजसमन्द, इण्टीग्रल जयपुर, दौसा, चित्तौडगढ, भीलवाडा, उदयपुर महिला समृद्धि, रेल्वे श्रमिक–बीकानेर |
| 50 करोड़ से 100 करोड़ तक | 10 | नागौर, बून्दी, झालावाड, ब्यावर, चूरू, स्टर्लिंग जयपुर, धौलपुर, कोटा महिला, राजलक्ष्मी महिला जयपुर, भरतपुर |
| 50 करोड़ से कम | 4 | राजपूताना महिला जयपुर, स0माधोपुर, राजस्थान अरबन–जयपुर, सीकर |
| | 34 | |

## कुल व्यवसाय (अमानत एवं ऋण बकाया की स्थिति)

**31 मार्च, 2026 को बैंकों के कुल व्यवसाय अर्थात अमानतों एवं ऋण बकाया की स्थिति के आधार पर अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों का वर्गीकरण अग्रानुसार है:–**

| | | |
|---|---|---|
| रू 1000 करोड़ से अधिक | 5 | रेल्वे एम्पलाईज–जयपुर, माउण्ट ना.स.बैंक सिरोही, उदयपुर अरबन, कोटा नागरिक, बारां |
| रू. 500 करोड़ से 1000 करोड़ | 5 | फिनग्रोथ–जयपुर, जालौर, जोधपुर, नागरिक, पाली, रेल्वे जोधपुर |
| रू. 250 करोड़ से 500 करोड़ | 6 | मालवीय जयपुर, बालोतरा, उदयपुर महिला अरबन, राजसमन्द, इन्टीग्रल जयपुर, दौसा, |
| रू. 100 करोड़ से 250 करोड़ | 10 | चित्तौडगढ, रेल्वे–बीकानेर, भीलवाड़ा अरबन, उदयपुर महिला समृद्धि, नागौर, बून्दी, ब्यावर, झालावाड़, चूरू, धौलपुर, |
| रू. 100 करोड़ से कम | 8 | राजलक्ष्मी महिला जयपुर, कोटा महिला, स्टर्लिंग जयपुर, राजपूताना महिला, भरतपुर, स0माधोपुर, राजस्थान अरबन जयपुर, सीकर |
| **कुल योग** | **34** | |

THE RAJASTHAN URBAN CO – OP. BANKS FEDERATION LIMITED

**Statistical information of UCBs (As on 31.03.2026)**

*(Rs. In Lacs)*

| S. No. | Name of Banks | No. of Bran-ches (In Numbers) | Members (Total Number) | Share Capital | Deposits | Advances out-standing | Business | Working capital | Net Profit after Tax and provisions |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | Balotra Urban Co-op Bank | 8 | 11671 | 704.50 | 23326.70 | 12976.28 | 36302.98 | 26561.56 | 154.61 |
| 2 | Baran Nagrik Sah. Bank Ltd. | 8 | 31600 | 1900.12 | 67663.11 | 40361.89 | 108025.00 | 75933.14 | 731.93 |
| 3 | Beawar Urban Co-op Bank | 2 | 6986 | 246.12 | 8028.77 | 4989.60 | 13018.37 | 10061.41 | 53.01 |
| 4 | Bharatpur Urban Co-op Bank | 2 | 3575 | 55.98 | 5790.69 | 1691.29 | 7481.98 | 6817.26 | 63.90 |
| 5 | Bhilwara Urban Co-op Bank | 7 | 16540 | 873.61 | 15816.00 | 7223.00 | 23039.00 | 19223.21 | 31.11 |
| 6 | Bundi Urban Co-op Bank | 1 | 9408 | 321.91 | 9463.20 | 5368.34 | 14831.54 | 12758.10 | 185.53 |
| 7 | Chittorgarh Urban Co-op Bank | 7 | 2920 | 475.39 | 16192.53 | 7749.08 | 23941.61 | 17994.72 | 81.20 |
| 8 | Churu Zila Urban Co-op Bank | 2 | 6670 | 197.26 | 7722.95 | 4167.08 | 11890.03 | 8570.88 | 37.96 |
| 9 | Dausa Urban Co-op Bank | 2 | 8575 | 436.15 | 17246.28 | 8843.59 | 26089.87 | 19820.61 | 104.66 |
| 10 | Dholpur Urban Coop. Bank | 4 | 4020 | 246.70 | 6694.46 | 4108.00 | 10802.46 | 7618.30 | 50.55 |
| 11 | Integral Urban Coop. Bank | 9 | 5920 | 255.44 | 18406.18 | 8292.64 | 26698.82 | 22730.08 | 17.84 |
| 12 | Jalore Nagrik Sahakari Bank | 20 | 20115 | 1861.01 | 54156.37 | 37717.95 | 91874.32 | 66219.87 | 680.32 |
| 13 | Jhalawar Nagrik Sahakari Bank | 1 | 3495 | 200.74 | 8103.87 | 3947.45 | 12051.32 | 12059.63 | 187.54 |
| 14 | Jodhpur Nagrik Sahakari Bank | 10 | 45017 | 775.41 | 41966.15 | 15135.13 | 57101.28 | 46054.54 | 86.91 |
| 15 | Kota Mahila Nagrik Sah- Bank | 2 | 15075 | 254.02 | 6674.13 | 2417.20 | 9091.33 | 8360.79 | 74.76 |
| 16 | Kota Nagrik Sahakari Bank | 10 | 26801 | 1513.55 | 84536.30 | 38165.59 | 122701.89 | 112298.27 | 382.18 |
| 17 | Malviya Urban Coop. Bank | 7 | 5123 | 406.83 | 27187.21 | 14500.67 | 41687.88 | 29245.21 | 56.82 |
| 18 | Nagaur Urban Coop. Bank | 2 | 12976 | 318.46 | 9948.62 | 6664.12 | 16612.74 | 12171.79 | 83.37 |
| 19 | Pali Urban Coop. Bank | 11 | 16314 | 633.84 | 35017.51 | 21440.09 | 56457.60 | 38272.68 | 152.83 |
| 20 | Railway Employees, Jaipur | 5 | 21261 | 7642.58 | 114460.22 | 94235.83 | 208696.05 | 143255.29 | 2319.56 |
| 21 | Rajlaxmi Mahila Ur Coop. Bank | 3 | 4838 | 385.49 | 5936.18 | 3644.70 | 9580.88 | 6620.60 | 22.67 |
| 22 | Rajputana Mahila Ur Co-op Bank | 3 | 9073 | 258.36 | 4976.58 | 3006.92 | 7983.50 | 6176.50 | 34.48 |
| 23 | Rajsamand Urban Coop. Bank | 8 | 5918 | 539.83 | 21242.41 | 11184.20 | 32426.61 | 27083.38 | 295.94 |
| 24 | Sawaimadhopur Ur- Coop. Bank | 3 | 4680 | 99.29 | 4405.62 | 2519.90 | 6925.52 | 4932.20 | 23.17 |
| 25 | Sikar Urban Co-op Bank | 2 | 4858 | 627.69 | 2272.74 | 1122.09 | 3394.83 | 4396.28 | 101.20 |
| 26 | The Raj. Urb Co-op Bank, Jaipur | 2 | 8018 | 661.04 | 4113.57 | 2489.90 | 6603.47 | 417.92 | 20.69 |
| 27 | The Sterling Urban Co-op Bank | 6 | 5449 | 725.14 | 6725.29 | 1914.78 | 8640.07 | 8499.96 | -188.03 |
| 28 | Udaipur Mahila Sam. Ur Coop Bank | 8 | 4739 | 433.17 | 15248.41 | 6445.56 | 21693.97 | 17065.59 | 69.81 |
| 29 | Udaipur Mahila Urban Co- Bank | 7 | 5183 | 229.55 | 25628.42 | 8544.15 | 34172.57 | 30478.74 | 112.07 |
| 30 | Udaipur Urban Co-op Bank | 13 | 7084 | 351.05 | 91353.28 | 37247.04 | 128600.32 | 110609.38 | 1152.24 |
| | **TOTAL** | **175** | **333902** | **23630.22** | **760303.75** | **418114.06** | **1178417.81** | **912307.89** | **7180.83** |
| | **Multi-State Banks** | | | | | | | | |
| 31 | Mount Nagrik Sahakari Bank | 49 | 77346 | 3640.71 | 101229.26 | 63226.80 | 164456.06 | 178337.99 | 288.17 |
| 32 | Fingrwoth Co-operative Bank Ltd | 27 | 8266 | 570.50 | 57721.35 | 39825.21 | 97546.56 | 71482.63 | 856.17 |
| 33 | Railway Shramik Sah Bank, Bikaner | 1 | 5074 | 984.10 | 12150.03 | 11448.92 | 23598.95 | 15497.82 | 144.26 |
| 34 | The Railway Employees, Jodhpur | 1 | 4265 | 2597.64 | 30619.66 | 25256.43 | 55876.09 | 37417.45 | 334.90 |
| | **TOTAL** | **78** | **94951** | **7792.95** | **201720.30** | **139757.36** | **341477.66** | **302735.89** | **1623.50** |
| | **Grand TOTAL** | **253** | **428853** | **31423.17** | **962024.05** | **557871.42** | **1519895.47** | **1215043.78** | **8804.33** |